लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4461

30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

मेगा सिल्क पार्क

4461. श्री प्रज्वल रेवन्ना:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार कर्नाटक के मैसूर जिले में मेगा सिल्क पार्क स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे पार्क की स्थापना से क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले रोजगार का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे पार्क की स्थापना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): सरकार ने मैसूर में 49.19 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से व्यापक विद्युतकरघा/रेशम मेगा क्लस्टर योजना के तहत मैसूर मेगा रेशम क्लस्टर की स्थापना को मंजूरी दी है।

(ख): ऐसी उम्मीद है कि रेशम मेगा कलस्टर से लगभग 6,000 करघे इस क्षेत्र में अपने उत्पादन में सुधार कर लाभांवित होंगे।

(ग): परियोजना के लिए 2.49 करोड़ रूपए की पहली किस्त दिनांक 31.12.2021 को पहले ही जारी कर दी गई है।

*****